पुणना International School

Shree Swaminarayan Gurukul, Zundal

Name					
Date	18-07-2020		10th	Roll No.	
Subject	HINDI	Marks -50	Hindi	Teacher's Sign	

PERIODIC ASSESSMENT –1

(खंड-1-पठन भाग)

प्र-1-अ-निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए:- **(6)**

मानवजीवन को चार अवस्थाओं में बांटा गया है-बचपन,युवावस्था ,प्रौढ़ावस्था और वृधावस्था | इस में से बचपन ,जीवन का सबसे सुन्दर समय होता है| इस काल में सीखी गई आदतें जीवनभर व्यक्ति का साथ देती है| यह विद्या अर्जित करने एवं मानवीय मूल्यों को अपनाते हुए सर्वांगीण विकास होता है| इस समय परिस्थितियां अनुकूल न होने से बचपन की सही दिशा में गति बाधित हो जाती है| इससे बच्चो को बाल-मजदूरी करने के लिए मजबूर होना पड़ता है| ऐसे बच्चों को पढने -लिखने या खेलकूद करने का अवसर नही मिल पाता है| इससे उनका बचपन बाधित हो जाता है| दूसरे बच्चों को पढ़ते-लिखते देखकर इन बच्चो में हींन भावना भर जाती है| समाज में ऐसे बच्चे उपेक्षा के शिकार बन कर जीवन से भटक जाते है| बड़े होकर यही बच्चे किसी अपराधिक गिरोह के शिकंजे में फंस जाते है| इस गिरोह के कारण यह बच्चे अपना जीवन नष्ट कर लेते है| ऐसे बच्चो को बल-मजदूरी व अन्य अपराधों से बचाने के लिया सरकार को और समाजसेवी संस्थाओं को पहल करके इन बच्चों को पढने-लिखने के अवसर देने चाहिए |इनके भरण -पोषण की व्यवस्था करनी चाहिए |

प्र-1-मानव जीवन की कौन सी चार अवस्थायें है?

प्र-2-सबसे सुन्दर कौन सी अवस्था है?

प्र-3-बचपन की आस्था में किन मुल्यों का विकास होता है?

प्र-4-यदि परिस्थितियां अनुकूल न हो तब क्या होता है?

प्र-5-कुछ उपाए बताइए -

प्र-6-गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए |

ब-निम्नलिखित पद्यांश को पढ़ कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए:- **(6)**

-जब बहुत सुबह चिड़िया उठकर,
कुछ गीत खुशी के गाती हैं।
कलियाँ दरवाज़े खोल-खोल,
जब झुरमुट से मुसकाती हैं।
खुशबू की लहरें जब घर से,

बाहर आ दौड़ लगाती हैं,
हे जग के सिरजनहार प्रभो!
तब याद तुम्हारी आती है!!
जब छम-छम बूंदें गिरती हैं,
बिजली चम-चम कर जाती है।
मैदानों में, वन-बागों में,
जब हरियाली लहराती है।
जब ठंडी-ठंडी हवा कहीं से,
मस्ती ढोकर लाती है।
हे जग के सिरजनहार प्रभो!
तब याद तुम्हारी आती है!!.

प्र-1-काव्यांश का मूलभाव स्पष्ट कीजिए।

प्र-2-सवेरे-सवेरे खुशी के गीत कौन गाती हैं ?

प्र-3-'कलियाँ दरवाज़े खोल-खोल, जब झुरमुट से मुसकाती हैं, का अर्थ स्पष्ट करिये |

प्र-4-प्रातः काल को मनोरम बनाने में हवा का योगदान स्पष्ट कीजिए।

प्र-5-ठंडी हवा चलने से पहले वातावरण में हुए परिवर्तनों का उल्लेख कीजिए।

प्र-6-पद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए |

(खंड-2-लेखन भाग)

प्र-2-अ-निम्नलिखित निबंदों में से कोई एक पर लिखिए- (6)

अ)नारी-शक्ति का महत्त्व ब)वर्षा ऋतु

ब)पात्र-लेखन -आप की बहन की शादी के लिए तीन दिनों का अवकाश चाहिए |अपनी कक्षा अध्यापक कोएक प्रार्थना-पत्र लिखिए|। **(6)**

(खंड-3-व्याकरण भाग)

प्र-3-निर्देशानुसार उत्तर लिखिए :-

1-शब्दार्थ-	1-चौरंगी-	2-धेनु-	(1)
2-पर्यायवाची शब्द:-	1-राजा-	2-आजादी-	(2)
3-विलोम शब्द :-	1-अन्दर-	2-सुन्दर-	(2)
4-लिंग बदलिए:-	1-बकरा-	2-नर-	(2)
5-शुद्ध करके लिखिए:-	1-ग्यान	2-ननहे	(2)
6-मुहावरों के वाक्य बनाइए:-	1-कान भरना	2-पेट में चूहे कूदना	(2)

(खंड-4-साहित्य भाग)

प्र-4-क-निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:- (4)

प्र-1-मन का आपा खोने का क्या अर्थ है?

प्र-2-चाकरी से मीराबाई को क्या लाभ मिलेगा ?

प्र-3-ईश्वर कण -कण में व्याप है ,पर हमें दिखाई क्यों नही देते ?

प्र-4-उदार व्यक्ति की पहचान कैसे हो सकती है?

-ख-पंक्तियों के भाव स्पष्ट करिए :- (3)

प्र-1-पोथी पढ़ी पढ़ी जग मुवा ,पंडित भया न कोइ |

प्र-2-रहो न भूल के कभी मदांध तुच्छ वित्त में|

-क-निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:- (4)

प्र-1-बड़े भाईसाहब कहानी के लेखक का नाम क्या है?

प्र-2-बड़े भाई साहब को अपने मन की इच्छाएं क्यों दबानी पडती थी?

प्र-3-हरिहर काका को पुलीस की सुरक्षा क्यों लेनी पड़ी ?

प्र-4-तत्तांरा-वामीरों कहाँ की कथा है?

-ख-पंक्तियों के आशय स्पष्ट करिए :- (4)

प्र-1-इम्तिहान पास कर लेना कोई चीज नही,असल चीज तो बुद्धि का विकास है|

प्र-2-आज न तत्तांरा है न वामीरो किन्तु उनकी प्रम्क्था घर घर में सुनाई जाती है?

- -